## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–13.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–केन्द्र सरकार देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध, अब तक चार करोड़ से ज्यादा गरीबों को दिये गये पक्के घर।
- राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू में प्रमुख बैंकों के साथ की बैठक, बैंकिंग सेवाएं सबके लिए आसान और सुलभ बनाने पर दिया जोर।
- सरायकेला में दक्षिण पूर्व रेलवे डिवीजनल कमिटी की हुई महत्वपूर्ण बैठक, सांसदों ने सुविधाओं के विस्तार और परिचालन में सुधार का उठाया मुद्दा।
- गिरिडीह और बिहार की जमुई पुलिस के संयुक्त अभियान में दो नक्सली गिरफ्तार, पलामू से 11 अपराधी भी पकड़े गये।
- रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और जेएस डब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के बीच मुकाबला जारी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ–सबका विकास के संकल्प को दोहराया है। कश्मीर के गांदरबल जिले में प्रतिष्ठित सोनमर्ग सुरंग राष्ट्र को समर्पित करते हुए श्री मोदी ने विकास की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक देशभर के चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिये गये हैं और तीन करोड़ नये मकान बनाये जा रहे हैं।

******************

राज्य सरकार ने प्रदेश में बैंकिंग सेवाएं सबके लिए आसान और सुलभ बनाने की पहल शुरु कर दी है। इस सिलसिले में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू जिले में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में पलामू के सांसद वीडी राम और जिले के उपायुक्त शशिरंजन भी मौजूद रहे। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने में बैंकों को भी भूमिका निभाने की जरुरत है।

******************

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर और रांची डिवीजन के सांसदों की बैठक सरायकेला जिले के चांडिल अनुमंडल स्थित आसनबनी के एक रिसॉर्ट में आयोजित की गई। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर अनिल कुमार मिश्रा ने सांसदों को रेलवे के विकास कार्यों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, पश्चिम सिंहभूम सांसद जोबा मांझी, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, चतरा सांसद कालीचरण सिंह और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांसदों ने बैठक के दौरान अपने–अपने क्षेत्रों में रेलवे सुविधाओं के विस्तार, ट्रेनों के परिचालन और स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में शामिल लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज़ादी के 70 साल बाद भी गुमला को रेलवे सुविधाओं से वंचित रखा गया है, और यह मुद्दा रेलवे को गंभीरता से लेना चाहिए।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। गिरिडीह और बिहार की जमुई पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरिडीह के एसपी डाक्टर विमल कुमार ने बताया कि इन नक्सलियों के खिलाफ गिरिडीह और जमुई जिले में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी।

******************

उधर, पलामू जिले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के बैरिया स्थित एक अर्द्धनिर्मित घर की घेराबंदी कर कुख्यात अपराधी सरगना सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

इधर जिले की हुसैनाबाद पुलिस ने भी सरकारी शराब दुकान में 45 लाख रूपए गबन करने के तीन आरोपियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

******************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर–पीआरसी की टीम ने आज सरायकेला सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। यह टीम सरायकेला जिले में तीन दिनों तक विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का जायजा लेगी। टीम में शामिल रिसर्च एनालिस्ट आदर्श गुप्ता कहा कि निरीक्षण के बाद पूरी जांच रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी जायेगी।

******************

हजारीबाग में पशुओं की विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए चलंत पशु चिकित्सालय की व्यवस्था की गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में मकर संक्रांति को लेकर पतंगबाजी से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पर्यटन और कला संस्कृति विभाग की ओर से रांची के प्रभात तारा मैदान में तीन दिवसीय पतंगबाजी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। महाराष्ट्र से आये अंतर्राष्ट्रीय पतंगबाज अशोक शाह बच्चों को पतंग उड़ाने की बारीकीयों से अवगत करा रहे हैं।

******************

रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और जेएस डब्ल्यू  सूरमा हॉकी क्लब के बीच मुकाबला जारी है। इससे पहले कल उदघाटन मैच में ओडिसा वरियर्स की टीम ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को चार शून्य से पराजित किया था। जीत के बाद आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओडिसा वरियर्स की कप्तान नेहा गोयल ने कहा कि अब उनका पूरा फोकस अगले मैच पर है।

********समाप्त********